# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक की कार्यवृत्त

## रविवार, 27 अगस्त 2023

### आतिथ्य: बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

### सौजन्य : पटना सिटी शाखा

### बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पटना, बिहार

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2023-2025 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक रविवार, 27 अगस्त 2023 को बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य व पटना सिटी शाखा के सौजन्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पटना, बिहार में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्यों, विशेष आमंत्रितों एवं समाजजनों की उपस्थिति रही:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्री दिनेश कुमार जैन |
| श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला | श्री राज कुमार केडिया | श्री रंजीत कुमार जालान | श्री कैलाशपति तोदी |
| श्री पवन कुमार जालान | श्री महेश जालान | श्री केदार नाथ गुप्ता | श्री संजय हरलालका |
| श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री युगल किशोर अग्रवाल | श्री सदानंद अग्रवाल | रमेश पेडीवाल |
| श्री संतोष खेतान | श्री विनोद कुमार लोहिया | श्री बिनोद तोदी | श्री शशि गोयल |
| श्री सुनील कुमार मोर | श्री पवन कुमार सुरेका | डॉ. पवन कुमार बंका | श्री किशन अग्रवाल |
| श्रीमती सुषमा अग्रवाल | डॉ. राजीव केजड़ीवाल | श्री राकेश बंसल | श्री कमल नोपानी |
| श्री महेंद्र प्रसाद | श्री नंद किशोर अग्रवाल | श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री रमेश कुमार केजरीवाल |
| श्री श्याम सुंदर भरतीया | श्री मनीष कुमार सर्राफ | श्री बासु सर्राफ | श्री रणदीप झुनझुनवाला |
| श्री संजय कुमार मोदी | श्री सजन कुमार अग्रवाल | श्री कमलेश कुमार नाहटा | श्री प्रदीप जीवराजका |
| श्री हरिकृष्ण अग्रवाल | श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल | श्री अमर कुमार दहलान | श्री मातादीन अग्रवाल |
| श्री अजय कुमार पोद्दार | श्री अमित कुमार अग्रवाल | श्री आशीष आदर्श | श्री गजेंद्र बूबना |
| श्री आलोक चौधरी | श्री अमित कुमार कोहली | | |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पवन कुमार गोयनका | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान | श्री बसंत मित्तल | श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया |
| श्री कैलाश चंद काबरा | श्री पुरुषोत्तम सिघानिया | श्री चांदमल अग्रवाल | श्री राज कुमार मिश्र |
| श्री विजय कुमार लोहिया | डॉ. अशोक धानुका | श्री राजेश कुमार अग्रवाल | श्री राजेंद्र खंडेलवाल |
| श्री पवन कुमार बंसल | श्री अरुण चूडीवाल | श्री निर्मल कुमार सराफ | श्री पवन टिबरेवाल |
| श्री रघुनाथ प्रसाद झुनझुनवाला | श्री नरेंद्र कुमार तुलस्यान | श्री निर्मल कुमार काबरा | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल |
| श्री सुरेश कमानी | | | |

बिहार चैंबर के अध्यक्ष श्री प्रेम कुमार अग्रवाल एवं श्री अमन कुमार अग्रवाल ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया का सम्मान किया। स्वागत संबोधन बिहार प्रांतीय अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया जी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों जैसे शाखा सशक्तिकरण , स्वास्थ्य, कार्यशाला, डिजिटलीकरण, पुरस्कार मनोनयन पर संक्षेप में चर्चा की एवं वर्तमान

सत्र हेतु अपनी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। आगे कहा कि इस सत्र में 100 नई शाखा खोलने के लक्ष्य पर हमारे राष्ट्रीय पदाधिकारीगण एवं प्रांतीय टीम सक्रिय हैं एवं हम दृढ़ संकल्पित हैं कि हम अपना लक्ष्य जरूर हासिल करेंगे।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया जी ने कहा कि "समाज-सुधार निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सभी बुराईयों का एक हल है 'संस्कार', अब कहने का नहीं करने का समय है।"

सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (19 मार्च 2023) कान पुर का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों पर महामंत्री की रपट भी प्रस्तुत की। राष्ट्रीय स्थायी समिति के गठन के विषय में विचार -विमर्श हुआ और इसके गठन का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लोहिया को दिया गया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2022 -23 के आय-व्यय का 'लेखा-जोखा एवं संतुलन पत्र समिति के स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया। बैठक में चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं संतुलन पत्र को पारित किया गया। फाइनेंस कमेटी चेयरमैन श्री आत्माराम सोन्थलिया ने कहा कि सामाजिक संस्थाएँ समाज की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए होती हैं, संस्था को घाटे में ही चलना चाहिए; हम घाटे में होंगे तो समाज के लोगों की ज्यादा सेवा कर पाएंगे।

संगठन-विस्तार तथा प्रांतों की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जैन , श्री रंजीत जालान, श्री राज कुमार केडिया, श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला, श्री मधुसूदन सीकरिया ने अपनी संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री महेश जाला न ने संगठन से संबंधित रपट प्रस्तुत की और संगठन विस्तार की प्रक्रिया के बारे में बात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लोहिया ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जालान से अनुरोध किया कि आप संगठन विस्तार का एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर हमारे साथ साझा करें, जिसपर श्री जालान ने मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर साझा करने की सहमति दी। उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल (बिहार), श्री रमेश पेडीवाल (सिक्किम), श्री संतोष खेतान (उत्तराखंड), महामंत्री श्री बिनोद कुमार लोहिया (पूर्वोत्तर) एवं अन्य ने प्रांतीय सम्मेलन की रपट प्रस्तुत की।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल ने एक लंबे अरसे से चुनाव न करवा सकने के परिणाम स्वरूप अपने त्यागपत्र से अब तक की स्थिति के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यगणों को अवगत करवाया। वहीं श्री प्रदीप जीवराजका ने पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव के कानूनी पक्ष से भी उपस्थित सदस्यगणों को सूचित किया। पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय का प्रस्ताव पारित हुआ। महामंत्री श्री तोदी ने सभा को बताया कि गत ९ जुलाई २०२३ को अखिल भारतीय समिति ने पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के संबंध में कुछ सदस्यों द्वारा असंवैधानिक कार्यों से निपटने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया था। उसके परिप्रेक्ष्य में सम्मेलन के तीन सदस्यों श्री किशन कुमार किल्ला, श्री भगवती प्रसाद बाजोरिया एवं श्री पंकज केडिया को सम्मेलन विरोधी असंवैधानिक कार्यों के लिए सम्मेलन के प्रत्येक स्तर की सदस्यता से दिनांक २० जुलाई २०२३ को निष्कासित किया गया है। इस संबंध में श्री तोदी ने एक श्वेत पत्र भी प्रस्तुत किया। सदस्यों ने सर्व सम्मति से उन तीन व्यक्तियों के निष्कासन का अनुमोदन किया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार की आवश्यक विधि सम्मत कार्यवाही करने का अधिकार दिया।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन से संबंधित मामलों पर कठोर निर्णय एवं आवश्यक कार्रवाई करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

बैठक में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन से संबंधित मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।

इसके उपरांत बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य के निष्कासन को लेकर चर्चा हुई, प्रांतीय अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल ने केंद्र से निष्कासित करने की अपील की, श्री पवन सुरेका ने प्रांतीय अध्यक्ष का अनुमोदन किया, तदुपरांत केंद्र ने श्री नीरज कुमार खेडिया की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लेकर सदस्यता समाप्त की।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के विषय में राष्ट्रीय महामंत्री ने केंद्रीय कार्यालय द्वारा किए गए पत्राचार को उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखा, सभा ने संबंधित मामले पर आवश्यक कार्रवाई करने का राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकार दिया ।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि "संगठन में अनुशासन का होना अति आवश्यक है और सम्मेलन में अनुशासन को लेकर हुई कार्रवाई एवं आगे की कार्रवाई पर हम सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पूरी शक्ति के साथ खड़े हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा संस्कार, संस्कृति विषय पर सेमिनार करना चाहिए।" निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने कहा कि "अनुशासनहीनता

संगठन को कमजोर बनाती है, जो भी व्यक्ति अनुशासन तोड़े उसके विरुद्ध निःसंकोच कार्यवाही करनी चाहिए।" पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की तत्कालीन स्तिथि के बारे में निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल एवं श्री प्रदीप जीवराजका ने विस्तार से उपस्थित सदस्यगणों को सूचित किया।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'सम्मेलन संवाद' का लोकार्पण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लोहिया ने बिहार राज्य सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मनोनीत होने पर बिहार प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री मुकेश जैन का सम्मान किया। प्रारंभ में पटना नगर शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री अंजनी कुमार सुरेका ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लो हिया एवं सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का पटना नगर शाखा के पदाधिकारियों ने शाल और पारंपरिक पगड़ी से सम्मान किया। बैठक के शुभारंभ में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारीगण एवं पटना सिटी शाखा पदाधिकारीगण ने पूरे देश से आए राष्ट्रीय -प्रादेशिक पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शाल, दुपट्टा भेंटकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री पवन कुमार जालान ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि सम्मेलन आज स्वास्थ्य, समाजसेवा, रोजगार, व्यवसाय सहयोग पर बड़े मनोयोग से काम कर रहा है जिसका अच्छा परिणाम आगे आने वाले दिनों में हम देख पाएंगे।

| | |
|---|---|
| शिव कुमार लोहिया<br>राष्ट्रीय अध्यक्ष | कैलाशपति तोदी<br>राष्ट्रीय महामंत्री |